# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

## APRIL-2024

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - उदारवाद की जड़ें कौन-सी शताब्दी के दिनों में खोजी जा सकती हैं?**

**(A) 15वीं शताब्दी** **(B) 16वीं शताब्दी**

**(C) 17वीं शताब्दी** **(D) 18वीं शताब्दी**

**उत्तर -** (C) 17वीं शताब्दी

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित में से किसकी गाँधीवाद वकालत नहीं करता है?**

**(A) अहिंसा** **(B) स्वराज**

**(C) सत्याग्रह** **(D) शक्तियों का केन्द्रीकरण**

**उत्तर -** (D) शक्तियों का केन्द्रीकरण

**प्रश्न 3 - निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प राज्य का एक अनिवार्य तत्त्व है?**

**(A) वन** **(B) उद्योग**

**(C) जनसंख्या** **(D) झण्डा**

**उत्तर -** (C) जनसंख्या

**प्रश्न 4 - संविधान में मौलिक अधिकार किस अनुच्छेद से किस अनुच्छेद तक उल्लिखित हैं?**

**(A) अनुच्छेद 14 से 26** **(B) अनुच्छेद 14 से 28**

**(C) अनुच्छेद 14 से 30** **(D) अनुच्छेद 14 से 32**

**उत्तर –** (D) अनुच्छेद 14 से 32

**अथवा**

**निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकार, मौलिक अधिकार नहीं है?**

**(A) समानता का अधिकार** **(B) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) भोजन का अधिकार** **(D) स्वतंत्रता का अधिकार**

**उत्तर –** (C) भोजन का अधिकार

**प्रश्न 5 - निम्नलिखित में से कौन-सी स्वतंत्रता को भारतीय संविधान द्वारा नहीं दिया गया है?**

**(A) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता**

**(B) बिना हथियारों के शान्तिपूर्ण सभा करने की स्वतंत्रता**

**(C) असीमित सम्पत्ति रखने की स्वतंत्रता**

**(D) पूरे भारत में घूमने की स्वतंत्रता**

**उत्तर -** (C) असीमित सम्पत्ति रखने की स्वतंत्रता

**अथवा**

**(A)वर्तमान में भारत का संविधान कितने मौलिक अधिकार प्रदान करता है?**

**(B) सात** **(B) छः** **(C) पाँच** **(D) चार**

**उत्तर -** (B) छः

**प्रश्न 6 - पंचायतों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण किस संवैधानिक संशोधन के अंतर्गत किया गया था?**

**(A) 72वें** **(B) 73वें**

**(C) 74वें** **(D) 75वें**

**उत्तर -** (B) 73वें

**अथवा**

**किस संवैधानिक संशोधन के द्वारा 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए 'निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा' को मौलिक अधिकार बना दिया गया है?**

**(A) 86वें** **(B) 87वें**

**(C) 88वें** **(D) 89वें**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर -** (A) 86वें

**प्रश्न 7 - केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों के विभाजन के अनुसार, संघीय सूची में कितने विषयों को शामिल किया गया है?**

**(A) 95** **(B) 96**

**(C) 97** **(D) 98**

**उत्तर -** (C) 97

**अथवा**

**केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों के विभाजन के अनुसार, राज्य सूची में कितने विषयों को शामिल किया गया है?**

**(A) 64** **(B) 65**

**(C) 66** **(D) 67**

**उत्तर -** (C) 66

**प्रश्न 8 - भारत के राष्ट्रपति पद के लिए आवश्यक न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए?**

**(A) 21 वर्ष** **(B) 25 वर्ष**

**(C) 30 वर्ष** **(D) 35 वर्ष**

**उत्तर -** (D) 35 वर्ष

**अथवा**

**भारत के राष्ट्रपति को निम्नलिखित में से कौन अपदस्थ कर सकता है?**

**(A) भारत का सर्वोच्च न्यायालय** **(B) केवल लोकसभा**

**(C) केवल राज्यसभा** **(D) लोकसभा और राज्यसभा दोनों द्वारा संयुक्त रूप से**

**उत्तर -** (D) लोकसभा और राज्यसभा दोनों द्वारा संयुक्त रूप से

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 9 भारतीय सशस्त्र सेनाओं का मुख्य सेनापति कौन है?**

**(A) भारत का राष्ट्रपति** **(B) भारत का प्रधानमंत्री**

**(C) भारत का रक्षा मंत्री** **(D) थल सेना अध्यक्ष**

**उत्तर -** (A) भारत का राष्ट्रपति

**अथवा**

**भारत के प्रधानमंत्री को कौन नियुक्त करता है?**

**(A) भारत का राष्ट्रपति** **(B) भारत का सर्वोच्च न्यायालय**

**(C) संसद** **(D) भारत के लोग**

**उत्तर -** (A) भारत का राष्ट्रपति

**प्रश्न 10 राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम स्वीकार्य संख्या कितनी है?**

**(A) 200** **(B) 225**

**(C) 250** **(D) 275**

**उत्तर -** (C) 250

**अथवा**

**निम्नलिखित में से किसके पास लोकसभा को भंग करने की शक्ति है?**

**(A) लोकसभा अध्यक्ष** **(B) भारत का प्रधानमंत्री**

**(C) भारत का उप-राष्ट्रपति** **(D) भारत का राष्ट्रपति**

**उत्तर -** (D) भारत का राष्ट्रपति

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 11 निम्नलिखित में से कौन-सी, पंचायती राज की एक संस्था नहीं है?**

**(A) ग्राम सभा** **(B) पंचायत समिति**

**(C) नगरपालिका** **(D) जिला परिषद्**

**उत्तर -** (C) नगरपालिका

**अथवा**

**नगर निगम के राजनीतिक मुखिया को किस नाम से पुकारा जाता है?**

**(A) महापौर** **(B) चेयरमैन**

**(C) पार्षद** **(D) प्रधान**

**उत्तर -** (A) महापौर

**प्रश्न 12 किसी राजनीतिक दल को चुनाव चिह्न कौन आबंटित करता है?**

**(A) चुनाव आयोग** **(B) जिला मजिस्ट्रेट**

**(C) लोकसभा का अध्यक्ष** **(D) पीठासीन अधिकारी**

**उत्तर -** (A) चुनाव आयोग

**अथवा**

**किसी भारतीय नागरिक के मतदाता बनने के लिए न्यूनतम आयु क्या निश्चित की गई है?**

**(A) 16 वर्ष** **(B) 18 वर्ष**

**(C) 20 वर्ष** **(D) 21 वर्ष**

**उत्तर -** (B) 18 वर्ष

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 13 मतदाता के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी एक योग्यता आवश्यक नहीं है?**

**(A) भारत का नागरिक होना चाहिए** **(B) शिक्षित होना चाहिए**

**(C) मतदाता सूची में उसका नाम होना चाहिए** **(D) उसके पास वोटर कार्ड होना चाहिए**

**उत्तर -** (B) शिक्षित होना चाहिए

**अथवा**

**लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के लिए न्यूनतम आयु कितने वर्ष निर्धारित की गई है?**

**(A) 21 वर्ष** **(B) 25 वर्ष**

**(C) 28 वर्ष** **(D) 30 वर्ष**

**उत्तर -** (B) 25 वर्ष

**प्रश्न 14 निम्नलिखित में से कौन-सा दल क्षेत्रीय दल नहीं है?**

**(A) शिव सेना** **(B) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इन्डिया**

**(C) नेशनल कॉन्फरेन्स** **(D) डी० एम० के०**

**उत्तर -** (B) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इन्डिया

**प्रश्न 15 भारत ने किस वर्ष में, अपना पहला परमाणु परीक्षण किया था?**

(A) 1968 (B) 1978

(C) 1988 (D) 1998

**उत्तर -** (D) 1998

(भारत का पहला परमाणु परीक्षण 1974 में हुआ किन्तु पहला सफल परमाणु परीक्षण 1998 में हुआ था। चूंकि विकल्प में 1974 नहीं दिया है, इसलिए विकल्प 1998 सही है।)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 16 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत की परमाणु नीति के बारे में सत्य नहीं है?**

**(A) यह निरस्त्रीकरण का समर्थक है।** **(B) यह परमाणु हथियारों के पक्ष में है।**

**(C) यह भेदभाव के विरुद्ध है।** **(D) यह विश्व शान्ति के पक्ष में है।**

**उत्तर -** (B) यह परमाणु हथियारों के पक्ष में है।

**प्रश्न 17 आज़ादी से पहले द्वि-राष्ट्र का सिद्धान्त किसने प्रस्तुत किया था?**

**(A) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस** **(B) ब्रिटिश सरकार**

**(C) मुस्लिम लीग** **(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) मुस्लिम लीग

## वैकल्पिक मॉड्यूल-7A

**प्रश्न 18 किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है?**

**(A) 26 जनवरी** **(B) 24 अक्टूबर**

**(C) 2 अक्टूबर** **(D) 14 नवम्बर**

**उत्तर -** (B) 24 अक्टूबर

**प्रश्न 19 संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य निम्नलिखित में से किस संस्था के सदस्य भी होते हैं?**

**(A) सुरक्षा परिषद्** **(B) साधारण सभा**

**(C) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय** **(D) सचिवालय**

**उत्तर -** (B) साधारण सभा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 20 वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों (देशों) की संख्या कितनी है?**

**(A) 3** **(B) 4**

**(C) 5** **(D) 6**

**उत्तर -** (C) 5

## वैकल्पिक मॉड्यूल-7B

**प्रश्न 18 संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों एवं अध्यक्ष को कौन नियुक्त करता है?**

**(A) भारत का राष्ट्रपति** **(B) भारत का उप-राष्ट्रपति**

**(C) भारत का प्रधानमंत्री** **(D) भारत का सर्वोच्च न्यायालय**

**उत्तर -** (A) भारत का राष्ट्रपति

**प्रश्न 19 संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों के लिए पद पर बने रहने की अधिकतम आयु कितनी निश्चित की गई है?**

**(A) 55 वर्ष** **(B) 60 वर्ष**

**(C) 65 वर्ष** **(D) 70 वर्ष**

**उत्तर -** (C) 65 वर्ष

**प्रश्न 20 निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन राजनीतिक कार्यकारिणी के सम्बन्ध में सत्य है?**

**(A) इसमें केवल राजनीतिक लोग सम्मिलित होते हैं।**

**(B) इसमें राजनीतिक दल तथा राजनीतिक लोग दोनों सम्मिलित होते हैं।**

**(C) यह एक अस्थायी संस्था है।**

**(D) यह भारत के राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत होती है।**

**उत्तर -** (C) यह एक अस्थायी संस्था है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 21 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**सच कहें तो राज्य एक__________संगठन है, जबकि समाज एक________संगठन है।**

**उत्तर** - राजनीतिक, सामाजिक

**प्रश्न 22 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**(क) सरकार का कौन-सा अंग कानून को लागू करता है?**

**उत्तर** - कार्यपालिका

**(ख) राज्य के किन्हीं दो आवश्यक तत्त्वों के नाम लिखिए।**

**उत्तर** - जनसंख्या और संप्रभुता

**(ग) राज्य और समाज में से कौन अस्तित्व में पहले आया?**

**उत्तर** - समाज

**प्रश्न 23 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**(क) मार्क्सवाद के किन्हीं दो दार्शनिकों के नाम लिखिए।**

**उत्तर** - कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंगेल्स

**(ख) उस विचारक का नाम लिखिए जिसने कहा था कि "साध्य और साधन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।"**

**उत्तर** - महात्मा गाँधी

**(ग) किस क्रान्ति ने 'स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे' का विचार दिया था?**

**उत्तर** - फ्रांसीसी क्रांति (1789)

**प्रश्न 24 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**(क) 'शिक्षा के अधिकार' को किस मौलिक अधिकार के अन्तर्गत जोड़ा गया ?**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर** - स्वतंत्रता का अधिकार (Article 21A)

**(ख) किस मौलिक अधिकार के अन्तर्गत अल्पसंख्यक अपनी भाषा और संस्कृति को बनाए रख सकते हैं?**

**उत्तर** - सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार (Article 29-30)

**(ग) कौन-सा संवैधानिक संशोधन 'शिक्षा के अधिकार' को मौलिक अधिकार बनाता है?**

**उत्तर** - 86वां संवैधानिक संशोधन, 2002

**प्रश्न 25 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**(क) भारत के चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और सदस्यों को कौन नियुक्त करता है?**

**उत्तर** - भारत का राष्ट्रपति

**(ख) राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?**

**उत्तर** - उप-राष्ट्रपति

**(ग) देश के प्रशासन के लिए कौन जिम्मेवार है?**

**उत्तर** - कार्यपालिका

**प्रश्न 26 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**(क) सरकार के कौन-से स्तर पर महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण किया गया है?**

**उत्तर** - पंचायत स्तर पर

**(ख) पंचायती राज व्यवस्था के तीन स्तरों के नाम लिखिए।**

**उत्तर** - ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद्

**(ग) किसी राज्य में स्थानीय निकायों के चुनाव कौन-सा चुनाव आयोग करवाता है?**

**उत्तर** - राज्य निर्वाचन आयोग

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 27 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**(क) मुख्य चुनाव आयुक्त को_______वर्ष की अवधि अथवा________वर्ष की आयु; जो पहले आ जाए, तक के लिए नियुक्त किया जाता है।**

**उत्तर -** 6, 65

**अथवा**

**(ख) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना_______में की गई थी और______इसके पहले अध्यक्ष थे।**

**उत्तर -** 1885, व्योमेश चन्द्र बनर्जी

**प्रश्न 28 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**भारतीय जनता पार्टी एक_______पार्टी है और मिजो नेशनल फ्रंट एक_______ पार्टी है।**

**उत्तर -** राष्ट्रीय, क्षेत्रीय

**प्रश्न 29 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**(क) _______और_______ दो मुख्य पर्यावरणीय समस्याएँ हैं।**

**उत्तर -** वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण

**अथवा**

**(ख) भारत में 75 _______उद्यान और 421 _______अभयारण्यों का सुरक्षित ढाँचा है।**

**उत्तर -** राष्ट्रीय, वन्य जीव

**प्रश्न 30 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**_______आयोग ने _______वर्ग के लिए सरकारी नौकरियों में स्थान आरक्षित करने की सिफारिश की थी।**

**उत्तर -** मंडल आयोग, OBC/पिछड़ा

**प्रश्न 31 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**(क) _______और_______सुशासन के लिए दो मुख्य खतरे हैं।**

**उत्तर -** भ्रष्टाचार (Corruption) जनसंख्या वृद्धि (Population Growth)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**(ख) अच्छे शासन का सार है_______हितैषी तथा सत्ता में_______होना।**

**उत्तर -** लोक (people), भागीदारी (sharing)

**प्रश्न 32 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**कंप्यूटर सरकार के_______में_______बढ़ा सकते हैं।**

**उत्तर -** कार्यों (working) , पारदर्शिता (transparency)

**प्रश्न 33 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**प्रथम गुट निरपेक्ष सम्मेलन_______में वर्ष_______में आयोजित किया गया था।**

**उत्तर -** बेलग्रेड, 1961

**प्रश्न 34 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**_______रेखा भारत और चीन के बीच सीमा रेखा है जो_______ के पूर्व में स्थित है।**

**उत्तर -** मैकमोहन (McMahon), भूटान (Bhutan)

## वैकल्पिक मॉड्यूल-7A

**प्रश्न 35 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**_______एवं _______संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के दो स्थायी सदस्य हैं।**

**उत्तर -** संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस

## वैकल्पिक मॉड्यूल-7B

**प्रश्न 35 समुचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए :**

**नियुक्ति के बाद संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों की सेवा शर्तें_______नहीं जा सकती जिससे उन्हें _____ हो।**

**उत्तर -** बदली (changed), घाटा (disadvantage)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खंड - ब

**प्रश्न 36 गाँधीजी की सोच कि 'साधन ही साधनों को न्यायोचित ठहराते हैं' की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** साधन ही साध्य को न्यायोचित ठहराते हैं क्योंकि गाँधीजी का मानना था कि साध्य (End) और साधन (Means) एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उनके अनुसार, अहिंसा और सत्य ही वह सही साधन हैं जिनसे न्यायपूर्ण लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

**अथवा**

**मार्क्सवाद के 'ऐतिहासिक भौतिकवाद' के सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** मार्क्स के अनुसार ऐतिहासिक भौतिकवाद इतिहास की आर्थिक व्याख्या है। इतिहास उत्पादन शक्तियों के विकास और उत्पादन संबंधों के परिवर्तन का क्रम है। प्रत्येक युग में वर्ग संघर्ष विद्यमान रहा है। दास, सामंत और पूंजीवादी समाज के बाद वर्गविहीन, राज्यविहीन साम्यवादी समाज की स्थापना होती है।

**प्रश्न 37 भारतीय संविधान के किन्हीं दो लक्षणों को उजागर कीजिए जो केन्द्र को शक्तिशाली बनाते हैं।**

**उत्तर - शक्तिशाली केन्द्र के दो लक्षण**

1. **शक्तियों का विभाजन :** महत्वपूर्ण विषय जैसे रक्षा और विदेश मामले **'संघ सूची'** में केन्द्र के पास हैं।
2. **आपातकालीन शक्तियाँ :** राष्ट्रपति आपातकाल के दौरान राज्य की शक्तियों को केन्द्र के नियंत्रण में ला सकते हैं।

**प्रश्न 38 भारत के संविधान में आपातकालीन प्रावधानों के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर -** आपातकालीन प्रावधान (अनुच्छेद 352, 356, 360) देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। ये संकट के समय केन्द्र को असाधारण शक्तियाँ प्रदान करते हैं ताकि देश की संवैधानिक व्यवस्था को बाहरी आक्रमण या आंतरिक अशांति से बचाया जा सके।

**प्रश्न 39 जनहित याचिका के महत्त्व को दो बिन्दुओं में उजागर कीजिए।**

**उत्तर - जनहित याचिका का महत्व**

- यह समाज के गरीब और पिछड़े वर्गों के लिए न्याय तक पहुँच आसान बनाती है।
- यह मानवाधिकारों की रक्षा और सरकारी जवाबदेही सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**भारत के सर्वोच्च न्यायालय के महत्त्व को दो बिन्दुओं में उजागर कीजिए।**

**सर्वोच्च न्यायालय का महत्त्व :**

- यह संविधान का अंतिम व्याख्याकार और रक्षक है ।
- यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन होने पर उन्हें सुरक्षा प्रदान करता है ।

**प्रश्न 40 लोकतंत्र की संस्था के रूप में ग्राम पंचायतों की कार्य-प्रणाली का मूल्यांकन कीजिए।**

**उत्तर -** ग्राम पंचायतें जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करती हैं। ये सफाई, जल, स्वास्थ्य संबंधी स्थानीय विकास कार्यों में ग्रामीणों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करती हैं और उन्हें शासन की प्रक्रियाओं से जोड़ती हैं।

**प्रश्न 41 जनमत के निर्माण में शिक्षण संस्थाओं की भूमिका का आकलन कीजिए।**

**उत्तर -** जनमत निर्माण में शिक्षण संस्थान स्कूल और कॉलेज छात्रों को जागरूक नागरिक बनाकर उनमें तार्किक सोच विकसित करते हैं। यहाँ होने वाली चर्चाएँ नागरिकों के राजनीतिक और सामाजिक विचारों को दिशा प्रदान करती हैं।

**अथवा**

**क्षेत्रीय दलों की भूमिका को उजागर कीजिए।**

**उत्तर - क्षेत्रीय दलों की भूमिका :** क्षेत्रीय दल विशिष्ट राज्यों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाते हैं। वे गठबंधन राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर राष्ट्रीय राजनीति में क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखते हैं।

**प्रश्न 42 शहरीकरण का प्रदूषण के एक स्रोत के रूप में विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर - शहरीकरण और प्रदूषण :** तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण जनसंख्या का दबाव बढ़ता है, जिससे कचरा प्रबंधन की समस्या होती है। बढ़ते वाहन और उद्योग वायु तथा जल प्रदूषण का मुख्य कारण बनते हैं।

**प्रश्न 43 सतत पोषणीय विकास की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर - सतत पोषणीय विकास :** यह ऐसा विकास है जो वर्तमान पीढ़ी की जरूरतों को इस तरह पूरा करता है कि भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं से कोई समझौता न हो। इसमें संसाधनों का सीमित उपयोग शामिल है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**सुशासन की किन्हीं दो विशेषताओं का उजागर कीजिए।**

**उत्तर - सुशासन की दो विशेषताएँ :**

**1. पारदर्शिता :** सरकारी निर्णयों की जानकारी जनता के लिए स्पष्ट होनी चाहिए।

**2. जवाबदेही :** अधिकारियों को अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी होना चाहिए।

**प्रश्न 44 भारत और चीन के बीच सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर - भारत और चीन सम्बन्ध :** दोनों देशों के सम्बन्ध ऐतिहासिक रूप से सीमा विवाद (LAC) के कारण तनावपूर्ण रहे हैं। हालाँकि व्यापारिक संबंध मजबूत हैं, किन्तु सामरिक प्रतिस्पर्धा समय-समय पर संबंधों को प्रभावित करती है।

## वैकल्पिक मॉड्यूल-7A

**प्रश्न 45 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर -** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सर्वोच्च संस्था है। यह विवादों के समाधान हेतु आर्थिक प्रतिबंध लगा सकती है तथा आवश्यकता पड़ने पर सैन्य कार्रवाई की अनुमति देकर विश्व व्यवस्था बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाती है।

**अथवा**

**संयुक्त राष्ट्र संघ की शान्ति स्थापित करने की गतिविधियों के कोई दो उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर - शांति स्थापना गतिविधियों के उदाहरण :**

**(1) अरब-इज़रायल युद्ध (1948) :** संयुक्त राष्ट्र ने युद्धविराम लागू करने हेतु सैन्य निरीक्षकों का दल भेजा और संघर्ष रुकवाने के लिए शांति बनाए रखने का पहला प्रयास शुरू किया।

**(2) मिस्र अभियान (1956) :** संयुक्त राष्ट्र आपातकालीन बल ने बिना एक भी गोली चलाए 6,000 सैनिकों के साथ मिस्र से विदेशी सेनाओं को बाहर निकाल कर शांति स्थापित की।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 46 अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को उजागर कीजिए।**

**उत्तर - अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का अधिकार क्षेत्र :** यह राज्यों के बीच कानूनी विवादों को सुलझाता है और संयुक्त राष्ट्र के अंगों को कानूनी परामर्श देता है। यह संधियों की व्याख्या और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन की सुनवाई करता है।

## वैकल्पिक मॉड्यूल-7B

**प्रश्न 45 नौकरशाही में तटस्थता की पारम्परिक अवधारणा की किसी एक चुनौती को उजागर कीजिए।**

**उत्तर -** नौकरशाही में तटस्थता की पारम्परिक अवधारणा की चुनौती नीति-निर्माण में नौकरशाही की सक्रिय भूमिका है, क्योंकि कानूनों की अस्पष्टता और मंत्रियों की विशेषज्ञता के अभाव में नौकरशाह निर्णय प्रक्रिया में प्रभावशाली बन जाते हैं।

**अथवा**

**राजनीतिक-प्रशासन द्विभाजन के सिद्धान्त का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर -** राजनीतिक-प्रशासन द्विभाजन सिद्धांत राजनीति और प्रशासन को अलग मानता है। वुडरो विल्सन ने इसे प्रशासन को निष्पक्ष और कुशल बनाने हेतु स्थापित किया, लेकिन नीति और प्रशासन के घनिष्ठ संबंध के कारण इस सिद्धांत की आलोचना होती है।

**प्रश्न 46 संयुक्त लोक सेवा आयोग के महत्त्व एवं गठन की प्रक्रिया को उजागर कीजिए।**

**उत्तर -** संयुक्त लोक सेवा आयोग दो या अधिक राज्यों के लिए संसद द्वारा संबंधित विधानसभाओं के अनुरोध पर गठित किया जाता है। यह भर्ती प्रक्रिया सुव्यवस्थित कर दक्षता बढ़ाता है और राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्ष-सदस्यों से निष्पक्षता एवं स्वायत्तता सुनिश्चित होती है।

**प्रश्न 47 आज के विश्व में गाँधीवाद की प्रासंगिकता का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर - गाँधीवाद की प्रासंगिकता :** बढ़ती हिंसा, असमानता और पर्यावरण संकट के बीच गाँधीजी के विचार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उनका सत्य और अहिंसा पर जोर लोगों को शांति और नैतिक जीवन की दिशा दिखाता है। अपरिग्रह और साधारण जीवन की सीख आधुनिक उपभोक्तावादी समाज में संतुलन और जिम्मेदारी सिखाती है। उनका सत्याग्रह आज भी अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष का सबसे प्रभावी मार्ग है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 48 भारत के निर्वाचन आयोग के किन्हीं तीन कार्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - भारत के निर्वाचन आयोग के तीन कार्य :**

**1. मतदाता सूचियां तैयार करना :** निर्वाचन आयोग प्रत्येक चुनाव क्षेत्र की मतदाता सूची बनाता है। इसमें उन सभी नागरिकों के नाम शामिल होते हैं जो 18 वर्ष से ऊपर और उस क्षेत्र के निवासी हों।

**2. राजनीतिक दलों को मान्यता देना :** आयोग राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दलों को मान्यता देता है। उदाहरण के लिए, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भाजपा को राष्ट्रीय दल की मान्यता प्राप्त है।

**3. चुनाव चिन्ह आबंटित करना :** निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों को चुनाव चिन्ह देता है। उदाहरण के लिए, कांग्रेस का हाथ, भाजपा का कमल और बहुजन समाज पार्टी का हाथी।

**अथवा**

**राजनीतिक दलों की कोई तीन अनिवार्य विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - राजनीतिक दलों की कोई तीन अनिवार्य विशेषताएँ :**

1. यह औपचारिक सदस्यता वाली संस्था होनी चाहिए, जिसमें सभी सदस्य नीतियों का पालन करें।
2. इसकी स्पष्ट नीतियां और कार्यक्रम होने चाहिए, ताकि दल के उद्देश्य स्पष्ट हों।
3. इसका स्पष्ट और स्वीकार्य नेतृत्व होना चाहिए, जो संगठन और निर्णय में मार्गदर्शन करे।

**प्रश्न 49 भारत में आरक्षण नीति का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर - आरक्षण नीति का विश्लेषण :** भारत में आरक्षण नीति पिछड़े वर्गों जैसे SC, ST और OBC को समान अवसर देने के लिए बनाई गई है, ताकि वे शिक्षा और सरकारी नौकरियों में पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इसके माध्यम से सामाजिक न्याय और समानता स्थापित होती है, और ये वर्ग समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर अवसरों के असमान वितरण और सामाजिक अन्याय को कम करने में सक्षम बनते हैं।

**प्रश्न 50 स्वतंत्रता के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्षों को उजागर कीजिए।**

**उत्तर -** स्वतंत्रता के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कई सैन्य संघर्ष हुए। 1947 में कश्मीर में पाकिस्तानी घुसपैठ के बाद युद्ध हुआ और 1949 में युद्धविराम तथा नियंत्रण रेखा स्थापित हुई। 1965 में पाकिस्तान ने कश्मीर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

को हथिया लेने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय सेना ने इसे रोक दिया। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में स्वतंत्रता संग्राम में भारत ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता सुनिश्चित की। 1999 में कारगिल युद्ध में पाकिस्तान ने घुसपैठ की, परंतु भारतीय सेना ने विजय प्राप्त की।

**अथवा**

**भारत और श्रीलंका के बीच के सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर - भारत और श्रीलंका के बीच सम्बन्धों का विश्लेषण :** भारत और श्रीलंका के संबंध गुट निरपेक्ष नीति और पारस्परिक सहयोग पर आधारित रहे हैं। भारतीय तमिलों की समस्या ने तनाव पैदा किया, जबकि 1987 में भारत ने इंडियन पीस कीपिंग फोर्स भेजकर शांति बहाली की। 1990 के बाद आर्थिक सहयोग और मुक्त व्यापार पर जोर दिया गया। 2002 में LTTE (लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम) और श्रीलंका के बीच युद्ध विराम संधि हुई। भारत ने शांतिपूर्ण समाधान और श्रीलंका की एकता को समर्थन दिया।

## वैकल्पिक मॉड्यूल-7A

**प्रश्न 51 संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए जा सकने वाले किन्हीं तीन प्रकार के असैन्य प्रतिबन्धों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए जा सकने वाले तीन प्रकार के असैन्य प्रतिबन्ध :**

1. देशों के बीच मध्यस्थता करना ताकि वे बिना सैन्य बल के किसी समझौते पर पहुँच सकें और शांतिपूर्ण समाधान अपनाएँ।
2. शांति रक्षक गतिविधियाँ संचालित करना जिससे युद्धरत देशों को अलग किया जा सके और बिना गोली चले शांति स्थापित हो।
3. समस्याग्रस्त क्षेत्रों में कुछ सदस्य देशों को बलपूर्वक दखल देने की अनुमति देकर वहाँ शांति पुनः स्थापित करना।

**अथवा**

**संयुक्त राष्ट्र महासभा के संगठन तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** संयुक्त राष्ट्र महासभा संयुक्त राष्ट्र का केन्द्रीय अंग है, जिसमें 193 सदस्य देश समान प्रतिनिधित्व के साथ शामिल होते हैं और प्रत्येक को एक मत का अधिकार प्राप्त है। आकार और शक्ति से ऊपर उठकर यह मंच

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

वैश्विक भागीदारी सुनिश्चित करता है। महासभा शांति, सुरक्षा, बजट और सदस्यता जैसे विषयों पर निर्णय लेती है तथा नियमित, विशेष और आपातकालीन सत्रों के माध्यम से कार्य करती है।

**प्रश्न 52 संयुक्त राष्ट्र के किन्हीं तीन उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - संयुक्त राष्ट्र संघ (1945) के कोई तीन प्रमुख उद्देश्य : -**

1. देशों के बीच विवादों को बातचीत और शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाकर, प्रतिबंध और आक्रमण को रोकते हुए अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा बनाए रखना।
2. सभी राष्ट्रों की समानता और आत्मनिर्णय के सिद्धांत के आधार पर, देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सहयोगपूर्ण संबंधों को विकसित करना।
3. आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय क्षेत्रों में उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।

## वैकल्पिक मॉड्यूल-7B

**प्रश्न 51 संघ लोक सेवा आयोग के संगठन को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, जिसकी स्थापना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 315-323 के अंतर्गत की गई है। इसके संगठन में एक अध्यक्ष तथा सामान्यतः 9 सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इसके साथ ही आयोग में ऐसे सदस्य शामिल होते हैं जिन्हें प्रशासनिक अनुभव प्राप्त हो। इसके अध्यक्ष और सदस्य 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक पद पर रहते हैं, इसलिए आयोग निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से कार्य करता है।

**अथवा**

**संघ लोक सेवा आयोग की संवैधानिक स्थिति के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** संघ लोक सेवा आयोग को संवैधानिक स्थान इसलिए दिया गया है ताकि वह बिना भय, दबाव और पक्षपात के कार्य कर सके। संविधान इसके गठन, अधिकारों, भूमिका, सदस्यों की नियुक्ति और हटाने की प्रक्रिया को सुरक्षा प्रदान करता है। परिणामस्वरूप आयोग राजनीतिक या बाहरी हस्तक्षेप से मुक्त रहता है। इस संवैधानिक हैसियत के कारण आयोग की स्वतंत्रता बनी रहती है और वह निष्पक्ष भर्ती सुनिश्चित कर पाता है, जो प्रशासन की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 52 एक आदर्श नौकरशाही की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** आदर्श नौकरशाही वह प्रशासनिक तंत्र है जो दक्ष, तटस्थ, नियमों पर आधारित और संगठित रूप से कार्य करती है। **जिसकी विशेषताएं निम्नलिखित है -**

1. निश्चित अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी अधिकारी संगठित होते हैं और प्रत्येक की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित होती है।
2. दफ्तरों की पिरामिड जैसी व्यवस्था होती है, जिसमें छोटे अधिकारी सीधे बड़े अधिकारी के अधीन काम करते हैं।
3. लिखित दस्तावेजों में नियम और कार्य विधियाँ दर्ज रहती हैं, जिससे प्रशासन में पारदर्शिता बनी रहती है।

**प्रश्न 53 मौलिक अधिकारों एवं राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों के बीच कोई पाँच अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के बीच पाँच मुख्य अंतर : -**

| मौलिक अधिकार | | राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत | |
|---|---|---|---|
| 1 | इन्हें संविधान के भाग 3 में अनुच्छेद 12-35 के अंतर्गत रखा गया है। | 1 | इन्हें संविधान के भाग 4 में अनुच्छेद 36-51 के अंतर्गत रखा गया है। |
| 2 | ये प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समानता को सुरक्षित करते हैं। | 2 | ये समाज और राज्य के कल्याण के लिए सरकार को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। |
| 3 | इनका उल्लंघन होने पर न्यायालय कार्रवाई कर सकता है और कानून को अमान्य कर सकता है। | 3 | उल्लंघन होने पर न्यायालय कार्रवाई नहीं करता, केवल सरकार को दिशा मिलती है। |
| 4 | अमेरिकी संविधान से प्रेरित हैं और कानूनी रूप से लागू होते हैं। | 4 | आयरलैंड के संविधान से प्रेरित हैं और सिर्फ नीति मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। |
| 5 | आपातकाल के दौरान कुछ मौलिक अधिकार जैसे अनुच्छेद 19 निलंबित किए जा सकते हैं। | 5 | किसी भी स्थिति में इन सिद्धांतों को निलंबित नहीं किया जा सकता और हमेशा मार्गदर्शक रहते हैं। |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 54 भारत के राष्ट्रपति की किन्हीं पाँच विधायी शक्तियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - भारत के राष्ट्रपति की पाँच प्रमुख विधायी शक्तियां : -**

**1. संसद बुलाना और स्थगित करना :** राष्ट्रपति संसद की बैठकें बुलाने और उन्हें समाप्त करने की शक्ति रखते हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि संसद की दो बैठकों के बीच छह महीने से ज्यादा का अंतर न हो।

**2. लोक सभा भंग करना :** राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर लोक सभा को उसका कार्यकाल पूरा होने से पहले भी खत्म कर सकते हैं। इसके बाद देश में नए चुनाव कराए जाते हैं।

**3. सदस्य मनोनीत करना :** राष्ट्रपति को राज्य सभा में कला, विज्ञान और साहित्य जैसे क्षेत्रों के 12 विशेषज्ञों को नियुक्त करने का अधिकार है। इससे अनुभवी लोग सीधे संसद का हिस्सा बनते हैं।

**4. विधेयक पर स्वीकृति :** संसद से पास कोई भी प्रस्ताव तब तक कानून नहीं बनता जब तक राष्ट्रपति उस पर हस्ताक्षर न कर दें। वे किसी प्रस्ताव को एक बार सुधार के लिए वापस भी भेज सकते हैं।

**5. अध्यादेश जारी करना :** जब संसद की छुट्टियाँ हों और तुरंत कानून की जरूरत पड़े, तब राष्ट्रपति स्वयं आदेश जारी कर सकते हैं। इस आदेश की ताकत संसद द्वारा बनाए गए कानून के बराबर ही होती है।

**अथवा**

**स्थानीय शहरी निकायों के किन्हीं पाँच कार्यों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - स्थानीय शहरी निकायों के पाँच प्रमुख कार्यों का वर्णन : -**

**1. बजट और नीतियाँ बनाना :** शहरी निकाय शहर के विकास के लिए बजट तैयार करते हैं और टैक्स व सेवा शुल्क के नियम बनाते हैं। इसके साथ ही वे प्रशासन के कामकाज पर नजर रखते हैं और सामान्य योजनाएँ बनाते हैं।

**2. सफाई और पानी की सुविधा :** वे गलियों की सफाई करते हैं, रोशनी का प्रबंध करते हैं और पीने का साफ पानी उपलब्ध कराते हैं। साथ ही सीवर और कूड़े का निपटान करना भी इनकी जिम्मेदारी है।

**3. स्वास्थ्य और सुरक्षा :** नगर प्रशासन बीमारी फैलने से रोकने के लिए काम करता है, टीकाकरण करवाता है और अस्पतालों का ध्यान रखता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**4. नगर योजना और विकास :** ये निकाय शहर के व्यवस्थित विकास के लिए योजनाएँ बनाते हैं। इसमें पार्क बनाना, बस और ट्रेन की सुविधा देना और बिजली की व्यवस्था करना शामिल है।

**5. कल्याणकारी और ऐच्छिक सेवाएँ :** ये गरीबों के लिए घर बनाते हैं, रैन बसेरे और पुस्तकालय चलाते हैं। साथ ही खेल के मैदान और सामुदायिक केंद्र का ध्यान रखना भी इनका काम है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

## OCTOBER-2024

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - सरकार के निम्नलिखित अंगों में से कौन सा अंग कानून लागू करता है?**

**(A) न्यायपालिका** **(B) कार्यपालिका**

**(C) विधायिका** **(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (B) कार्यपालिका

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित में कौन सा विकल्प राज्य का तत्व नहीं है?**

**(A) निश्चित भू-भाग** **(B) जनसंख्या**

**(C) संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता** **(D) सरकार**

**उत्तर -** (C) संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता

**प्रश्न 3 - निम्नलिखित वाक्य को किसी एक विकल्प की सहायता से सही पूरा कीजिए।**

**राज्य एक____________।**

**(A) राजनीतिक अवधारणा है** **(B) आर्थिक अवधारणा है**

**(C) सामाजिक अवधारणा है** **(D) सांस्कृतिक अवधारणा है**

**उत्तर -** (A) राजनीतिक अवधारणा है

**प्रश्न 4 - निम्नलिखित में से कौन मार्क्सवाद का एक दार्शनिक है?**

**(A) हेराल्ड लास्की** **(B) महात्मा गांधी**

**(C) फ्रेडरिक एंजल्स** **(D) कोयर्नर**

**उत्तर -** (C) फ्रेडरिक एंजल्स

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 5 - "जैसे साधन होंगे वैसे ही साध्य होगा" इस कथन पर किसका विश्वास था ? -**

**(A) महात्मा गांधी** **(B) कार्ल मार्क्स**

**(C) हेराल्ड लास्की** **(D) मैक्यावली**

**उत्तर -** (A) महात्मा गांधी

**प्रश्न 6 - 86वाँ संविधान संशोधन किस अधिकार से सम्बन्धित है?**

**(A) सम्पत्ति का अधिकार** **(B) शिक्षा का अधिकार**

**(C) धर्म का अधिकार** **(D) समानता का अधिकार**

**उत्तर -** (B) शिक्षा का अधिकार

**प्रश्न 7 - निम्नलिखित में से कौन सा कथन पंचशील की सही व्याख्या करता है?**

**(A) यह पाँच कानूनों का एक समूह है।**

**(B) यह देशों के बीच आपसी सम्बन्धों के मार्गदर्शक सिद्धान्त हैं।**

**(C) यह पाँच देशों का एक समूह है।**

**(D) यह सुशासन के लिए पाँच नियम हैं।**

**उत्तर -** (B) यह देशों के बीच आपसी सम्बन्धों के मार्गदर्शक सिद्धान्त हैं।

**प्रश्न 8 - NAM का पूर्ण रूप क्या है?**

**(A) न्यू एलाइन्ड मुवमेन्ट** **(B) नन एलाइन्ड मुवमेन्ट**

**(C) नन एसाइन्ड मुवमेन्ट** **(D) नन अल्टरनेट मुवमेन्ट**

**उत्तर -** (B) नन एलाइन्ड मुवमेन्ट

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 9 - संयुक्त राष्ट्र निम्नलिखित में से किन देशों का संगठन है?**

**(A) युरोपीय देशों का** **(B) नाटो देशों का**

**(C) विकासशील देशों का** **(D) स्वतंत्र सदस्य देशों का**

**उत्तर -** (D) स्वतंत्र सदस्य देशों का

**प्रश्न 10 - सही विकल्प चुनिए :**

**श्रीलंका स्थित है__________।**

**(A) भारत के उत्तर में** **(B) भारत के पूर्व में**

**(C) भारत के दक्षिण में** **(D) भारत के पश्चिम में**

**उत्तर** - (C) भारत के दक्षिण में

**प्रश्न 11 - निम्नलिखित में से कौन सा कारण 1947 में ब्रिटिश इन्डिया के विभाजन के लिए उत्तरदायी है?**

**(A) मुस्लिम लीग द्वारा प्रतिपादित 'द्वि-राष्ट्र का सिद्धान्त'।**

**(B) कांग्रेस पार्टी द्वारा विभाजन की मांग।**

**(C) दोनों धर्मों के लोग एक दूसरे के साथ नहीं रहना चाहते थे।**

**(D) क्षेत्रों में सुशासन स्थापित करना।**

**उत्तर -** (A) मुस्लिम लीग द्वारा प्रतिपादित 'द्वि-राष्ट्र का सिद्धान्त'।

**प्रश्न 12 - निम्नलिखित में से कौन सा विवाद भारत और चीन के बीच का विवाद नहीं है?**

**(A) सीमा विवाद** **(B) तिब्बत पर चीन का नियन्त्रण**

**(C) भारत की गुट-निरपेक्ष नीति** **(D) 1962 में चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करना**

**उत्तर -** (C) भारत की गुट-निरपेक्ष नीति

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

## वैकल्पिक मॉड्यूल 7A

**प्रश्न 13 - संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कब हुई थी ?**

**(A) 24 अक्टूबर 1945** **(B) 24 अक्टूबर 1946**

**(C) 24 नवम्बर 1945** **(D) 24 नवम्बर 1946**

**उत्तर -** (A) 24 अक्तूबर 1945

**प्रश्न 14 - निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राष्ट्र का एक अंग नहीं है?**

**(A) महासभा** **(B) सुरक्षा परिषद**

**(C) यूनेस्को** **(D) सचिवालय**

**उत्तर -** (C) यूनेस्को

**प्रश्न 15 - निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प 'NPT' का सही विस्तृत रूप है?**

**(A) न्यू प्रोलीफ्रेशन ट्रीटी** **(B) न्यूक्लियर नॉन प्रोलीफ्रेशन ट्रीटी**

**(C) न्यूक्लियर पावर ट्रीटी** **(D) न्यूक्लियर प्रोलीफ्रेशन ट्रीटी**

**उत्तर -** (B) न्यूक्लियर नॉन प्रोलीफ्रेशन ट्रीटी

**प्रश्न 16 - किस अन्तर्राष्ट्रीय संस्था का उद्धेश्य अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा बनाए रखना है?**

**(A) संयुक्त राष्ट्र** **(B) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय**

**(C) अन्तर्राष्ट्रीय ट्रस्टीशिप व्यवस्था** **(D) संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग**

**उत्तर -** (A) संयुक्त राष्ट्र

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 17 - निम्नलिखित में से कौन सा अधिकार मानव अधिकार नहीं है?**

**(A) न्यायोचित परिस्थिति में कार्य करने का अधिकार**

**(B) धार्मिक स्वतंत्रता**

**(C) कानून के समक्ष समानता**

**(D) किसी भी देश का नागरिक होने की स्वतंत्रता**

**उत्तर -** (D) किसी भी देश का नागरिक होने की स्वतंत्रता

**प्रश्न 18 - संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य संयुक्त राष्ट्र के किस अंग के सदस्य होते हैं?**

**(A) सुरक्षा परिषद** **(B) सचिवालय**

**(C) महासभा** **(D) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय**

**उत्तर -** (C) महासभा

**प्रश्न 19 - किस महाद्वीप का सुरक्षा परिषद में कोई स्थायी सदस्य नहीं है ?**

**(A) एशिया** **(B) यूरोप**

**(C) ऑस्ट्रेलिया** **(D) अमेरिका**

**उत्तर -** (C) ऑस्ट्रेलिया

**प्रश्न 20 - निम्नलिखित में से कौन सा कथन संयुक्त राष्ट्र के बारे में गलत है?**

**(A) यह किसी देश के विरुद्ध सैनिक कार्यवाही कर सकता है।**

**(B) इसकी अपनी स्थायी सेना है।**

**(C) यह किसी देश को किसी अन्य देश के विरुद्ध बल प्रयोग करने की अनुमति दे सकता है।**

**(D) भारत ने संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही के लिए अपनी सेना के जवान दिए हैं।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर -** (B) इसकी अपनी स्थायी सेना है।

## वैकल्पिक मॉड्यूल 7B

**प्रश्न 13 - संघीय (केन्द्रीय) लोक सेवा आयोग एक__________।**

**(A) कानूनी संस्था है** **(B) सांविधानिक संस्था है**

**(C) सरकारी एजेन्सी है** **(D) सामाजिक संस्था है**

**उत्तर -** (B) सांविधानिक संस्था है

**प्रश्न 14 - केन्द्रीय लोक सेवा आयोग के सदस्यों को कौन नियुक्त करता है?**

**(A) सर्वोच्च न्यायालय** **(B) भारतीय संसद**

**(C) प्रधानमन्त्री** **(D) भारत के राष्ट्रपति**

**उत्तर -** (D) भारत के राष्ट्रपति

**प्रश्न 15 - निम्नलिखित में से किसने सबसे पहले नौकरशाही की अवधारणा को विकसित किया था ?**

**(A) कार्ल मार्क्स** **(B) पंडित जवाहर लाल नेहरू**

**(C) प्रशासनिक सुधार आयोग** **(D) मैक्स वेबर**

**उत्तर -** (D) मैक्स वेबर

**प्रश्न 16 - निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता राजनीतिक कार्यपालिका की विशेषता नहीं है?**

**(A) राजनीतिक कार्यपालिका निर्णय लेती है।**

**(B) यह अस्थायी होती है और बदल जाती है।**

**(C) यह संसद के प्रति जवाबदेह होती है।**

**(D) राजनीतिक कार्यपालिका तटस्थ लोक सेवा है।**

**उत्तर -** (D) राजनीतिक कार्यपालिका तटस्थ लोक सेवा है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 17 - भारत में कौन से प्रकार की नौकरशाही है?**

**(A) प्रतिबद्ध** **(B) तटस्थ**

**(C) अस्थायी** **(D) पक्षपाती**

**उत्तर -** (B) तटस्थ

**प्रश्न 18 - निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता केन्द्रीय लोक सेवा आयोग की विशेषता नहीं है?**

**(A) यह तटस्थ है।**

**(B) यह सांविधानिक संस्था है।**

**(C) यह केन्द्रीय सरकार के सभी कर्मचारियों की भर्ती करता है।**

**(D) यह स्वतंत्र निकाय (संस्था) है।**

**उत्तर -** (C) यह केन्द्रीय सरकार के सभी कर्मचारियों की भर्ती करता है।

**प्रश्न 19 - संयुक्त लोक सेवा आयोग का गठन कितने राज्यों के लिए काम करने के लिए किया जाता है?**

**(A) केवल एक राज्य के लिए** **(B) केवल दो राज्यों के लिए**

**(C) दो या दो से अधिक राज्यों के लिए** **(D) उपरोक्त में से किसी के लिए नहीं**

**उत्तर -** (C) दो या दो से अधिक राज्यों के लिए

**प्रश्न 20 - लोक सेवा आयोगों के बारे में निम्नलिखित में से सही कथन चुनिए :**

**(A) सदस्यों को अलग-अलग कार्यकालों के लिए नियुक्त किया जाता है।**

**(B) सदस्यों की नियुक्ति गृहमन्त्री करता है।**

**(C) सदस्यों की नियुक्ति निश्चित कार्यकाल के लिए की जाती है।**

**(D) सदस्यों को प्रधानमन्त्री पदमुक्त कर सकता है।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर -** (C) सदस्यों की नियुक्ति निश्चित कार्यकाल के लिए की जाती है।

**प्रश्न 21 - खाली स्थान भरो :**

**फ्रांस की क्रांति ने _________, समानता और __________ के मूलभूत विचार दिए।**

**उत्तर -** स्वतंत्रता, बंधुत्व

**प्रश्न 22 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए।**

**(i) वर्तमान में भारत के नागरिकों को कितने मौलिक अधिकार प्राप्त हैं?**

**उत्तर -** 6

**(ii) स्वतंत्रता के अधिकार के अन्तर्गत कितने स्वतंत्रताओं की गारंटी दी गई है?**

**उत्तर -** 6

**प्रश्न 23 - खाली स्थान भरो :**

**सर्वोच्च न्यायालय के पास केन्द्र और_________ के बीच विवाद सुलझाने का________ क्षेत्राधिकार है।**

**उत्तर -** राज्यों, मूल

**प्रश्न 24 - खाली स्थान भरो :**

**सौभाग्यवश भारत में_________ संकटकाल की घोषणा कभी नहीं की गई जिसकी घोषणा अनुच्छेद ___________के अन्तर्गत की जा सकती है।**

**उत्तर -** वित्तीय आपातकाल, 360

**प्रश्न 25 - खाली स्थान भरो :**

**73वें संविधान संशोधन के अनुसार गठित पंचायती राज व्यवस्था_________स्तरीय है और प्रत्येक स्तर के लिए_________ चुनाव पर आधारित है।**

**उत्तर -** त्रि, प्रत्यक्ष

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 26 - खाली स्थान भरो :**

**(i) ग्राम सभा में गाँव के सभी_________ वासी शामिल होते हैं।**

**उत्तर -** वयस्क

**(ii) ग्राम पंचायतों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई_________स्थान होते हैं।**

**उत्तर -** आरक्षित

**प्रश्न 27 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(i) स्थानीय शहरी निकायों के लिए कौन से संविधान संशोधन ने संवैधानिक दर्जा प्रदान किया ?**

**उत्तर -** स्थानीय शहरी निकायों के लिए 74वें संविधान संशोधन ने संवैधानिक दर्जा प्रदान किया।

**(ii) कौन से न्यायालय के पास अधीनस्थ न्यायालयों के अधीक्षण और नियन्त्रण का अधिकार है।**

**उत्तर -** प्रत्येक उच्च न्यायालय को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी अधीनस्थ न्यायालयों अधीक्षण और नियन्त्रण का अधिकार है।

**प्रश्न 28 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(i) भारत में कौन सी अदालत अपने पिछले निर्णय को बदल सकती हैं ?**

**उत्तर -** भारत का सर्वोच्च न्यायालय अपने स्वयं के दिए गए निर्णयों की समीक्षा करने और उन्हें बदलने का अधिकार रखता है।

**(ii) सर्वोच्च न्यायालय के समान अन्य कौन से न्यायालय अभिलेख न्यायालय भी होते हैं?**

**उत्तर -** सर्वोच्च न्यायालय के समान प्रत्येक उच्च न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय होता है।

**प्रश्न 29 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(i) भारत में कौन सी संस्था (निकाय) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए उत्तरदायी है?**

**उत्तर -** भारत निर्वाचन आयोग (ECI) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए उत्तरदायी है

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ii) उस चुनाव को किस नाम से जाना जाता है जो लोक सभा के पाँच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने से पहले लोक सभा भंग होने पर नई लोक सभा के गठन के लिए करवाया जाता है?**

**उत्तर -** मध्यावधि चुनाव (Mid term election)।

**प्रश्न 30 - खाली स्थान भरो :**

**यूनाइटेड किंगडम में बहु-दलीय प्रणाली है परन्तु सोवियत संघ में________ दलीय प्रणाली है।**

**उत्तर -** एक-दलीय

**प्रश्न 31 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(i) भारत में हमारे पास किस प्रकार की दल प्रणाली है?**

**उत्तर -** बहुदलीय प्रणाली (Multi-Party System)

**(ii) उन राजनीतिक दलों को किस नाम से जाना जाता है जो एक क्षेत्र विशेष अथवा राज्य से सम्बन्ध रखती हैं?**

**उत्तर -** क्षेत्रीय दल (Regional Parties)

**प्रश्न 32 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(i) सुशासन के समक्ष की किसी एक बाधा का नाम लिखिए।**

**उत्तर -** सुशासन के समक्ष कई बाधाएँ हैं, जिनमें से एक भ्रष्टाचार है।

**(ii) सुशासन के लिए प्रयुक्त किसी एक नई टेक्नालोजी का नाम लिखिए।**

**उत्तर -** ई-गवर्नेंस (e-Governance) सुशासन के लिए प्रयुक्त एक नई टेक्नालोजी है।

**प्रश्न 33 - खाली स्थान भरो :**

**(i) लोगों को मानवाधिकार प्राप्त हैं क्योंकि वे__________ हैं।**

**उत्तर –** मनुष्य

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ii) मानवाधिकार सभी लोगों के साथ एक_________ व्यवहार करते हैं।**

उत्तर - समान

**प्रश्न 34 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(i) उस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (कांफ्रेंस) का नाम लिखिए जिसने रिओ सम्मेलन में सबसे पहले पर्यावरण के संरक्षण पर विचार किया।**

उत्तर - स्टॉकहोम सम्मेलन, 1972,स्वीडन।

**(ii) किसी एक हानिकारक कीटनाशक का नाम लिखिए जिसको पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।**

उत्तर - DDT (डाईक्लोरो-डाईफिनाइल-ट्राईक्लोरोइथेन) एक कीटनाशक है जिसको पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**प्रश्न 35 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(i) भारत में 1993 में कौन सा अधिनियम पारित किया गया था जिसने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के गठन का मार्ग प्रशस्त किया ?**

उत्तर - मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993

**(ii) मानवाधिकारों की रक्षा के लिए काम करने वाली कोई एक गैर-सरकारी संस्था कौन सी है? उसका नाम लिखिए।**

उत्तर - एमनेस्टी इंटरनेशनल (Amnesty international)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खंड - ब

**प्रश्न 36 - उदारवाद की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।**

**उत्तर – (i) व्यक्तिगत स्वतंत्रता :** व्यक्ति की स्वतंत्रता और समान अधिकारों को महत्व देता है।

**(ii) पूंजीवादी अर्थवस्था :** उदारवाद निजी संपत्ति, मुक्त बाजार, लाभ-प्रेरणा तथा सीमित राज्य हस्तक्षेप पर आधारित पूंजीवादी व्यवस्था का समर्थन करता है।

**प्रश्न 37 - किन्हीं चार मौलिक अधिकारों के नाम लिखिए।**

**उत्तर – कोई चार मौलिक अधिकार -**

1. समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14 से 18 तक)

2. स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19 से 22 तक)

3. शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23 से 24 तक)

4. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25 से 28 तक)

**प्रश्न 38 - 'राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत केन्द्रीय एवं राज्य स्तर की सरकारों को दिए गए निर्देश हैं। इन्हें संविधान के भाग IV (अनुच्छेद 36-51) में शामिल किया गया हैं, जो कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए राज्य को मार्गदर्शन देते है। ये सिद्धांत न्याययोग्य नहीं हैं, किन्तु देश के प्रशासन में मूल भूमिका निभाते हैं।

**अथवा**

**मौलिक कर्त्तव्यों की प्रकृति स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** मौलिक कर्त्तव्य प्रकृति में अनिवार्य हैं और ये नागरिकों में अपने कर्त्तव्यों के प्रति दायित्व और अनुशासन की भावना पैदा करते हैं। इनका उल्लंघन करने पर न्यायालयों के माध्यम से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। ये भारत की एकता बनाए रखने और अधिकार व कर्त्तव्य में संतुलन सुनिश्चित करते है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 39 - भारत की संघीय व्यवस्था की एक विशेषता के रूप में 'शक्तियों के विभाजन' के महत्व का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर –** भारतीय संविधान में शक्तियों का विभाजन तीन सूचियों में है- संघ, राज्य और समवर्ती सूची में है, जिससे केंद्र और राज्यों के अधिकार स्पष्ट रहता हैं। यह विभाजन राज्यों को उनके विशिष्ट मामलों में स्वायत्तता प्रदान करता है। तथा स्वतंत्र न्यायपालिका शक्तियों के विवादों का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करती है, जिससे शासन में संतुलन बना रहता है।

**अथवा**

**न्यायपालिका की सर्वोच्चता के महत्व का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर –** न्यायपालिका भारतीय लोकतंत्र में "कानून के शासन" को बनाए रखने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण है। यह संविधान की व्याख्या कर असंवैधानिक कानून को अवैध घोषित कर सकती है। मौलिक अधिकारों की रक्षा, केंद्र-राज्य विवादों का समाधान और न्यायिक निष्पक्षता के माध्यम से लोकतंत्र में स्थिरता सुनिश्चित करती है।

**प्रश्न 40 - केन्द्र और राज्यों के बीच किन्हीं दो विधायी सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – केंद्र और राज्यों के बीच किन्ही दो विधायी संबंधों का विश्लेषण : -**

**1. त्रि-स्तरीय विभाजन :** केंद्र और राज्य तीन सूचियों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हैं। इसमें संसद राष्ट्रीय महत्व (97 विषय) पर और विधानमंडल स्थानीय मुद्दों (66 विषय) पर कानून बनाकर अपनी भूमिका निभाते हैं।

**2. सहभागिता व सर्वोच्चता :** समवर्ती सूची पर दोनों कानून बना सकते हैं। यदि दोनों के कानूनों में 'द्वंद्व' होता है, तो केंद्र का कानून मान्य होता है, जो संसद की शक्ति को दर्शाता है।

**अथवा**

**केन्द्र और राज्यों के बीच किन्हीं दो प्रशासनिक संबन्धों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर –** केंद्र और राज्यों के बीच दो प्रशासनिक संबन्धों का विश्लेषण -

**संसद के कानूनों का पालन :** प्रत्येक राज्य की कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग इस प्रकार किया जाएगा जिससे संसद द्वारा बनाए गए कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके तथा वह संघ की कार्यपालिका के काम में कोई बाधा न डाले। यदि कोई राज्य ऐसा करता है, तो केंद्र आवश्यक निर्देश जारी कर सकता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **अखिल भारतीय सेवाएँ :** अखिल भारतीय सेवाएँ (IAS, IPS, IFS) केंद्र और राज्यों के लिए संयुक्त प्रबंधन में काम करती हैं, प्रशासनिक एकरूपता बनाए रखती हैं। इनका प्रबंधन केंद्र और राज्य मिलकर करते हैं।

**प्रश्न 41 - भारत के राष्ट्रपति की किन्हीं दो कार्यपालिका सम्बन्धी शक्तियों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – भारत के राष्ट्रपति की दो कार्यपालिका सम्बन्धी शक्तियां हैं-**

1. **कूटनीतिक व विदेशी मामले :** देश के सभी अंतर्राष्ट्रीय समझौते और संधियां राष्ट्रपति के नाम से की जाती हैं। वे विदेशों में भारत के राजदूतों की नियुक्ति करते हैं और विदेशी राजदूतों का स्वागत करते हैं।
2. **महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ :** राष्ट्रपति के पास प्रधानमंत्री की नियुक्ति करने की शक्ति है। वह प्रधानमंत्री की सलाह पर मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों, साथ ही सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों, राज्यों के राज्यपालों, चुनाव आयुक्तों और अन्य उच्चाधिकारियों की भी नियुक्ति करते हैं।

**अथवा**

**भारत के राष्ट्रपति की किन्हीं दो विधायी शक्तियों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – भारत के राष्ट्रपति की निम्न विधायी शक्तियाँ हैं -**

1. **संसद में सत्र संबंधी शक्ति :** वह संसद के दोनों सदनों की बैठक बुला सकता है, उन्हें स्थगित कर सकता है तथा सत्रावसान की घोषणा कर सकता है। राष्ट्रपति को लोकसभा को भंग करने की शक्ति भी प्राप्त है।
2. **अध्यादेश जारी करने की शक्ति :** जब संसद के दोनों सदन सत्र में नहीं होते और तत्काल कानून बनाने की आवश्यकता होती है, तब राष्ट्रपति अध्यादेश जारी कर सकता है। अध्यादेश का वही कानूनी प्रभाव होता है जो संसद द्वारा पारित किसी कानून का होता है।

**प्रश्न 42 - भारत के उपराष्ट्रपति के कोई दो कार्य स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** भारत के संविधान के अनुच्छेद 63 के अनुसार, भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा, जो देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। जिसके दो निम्न कार्य हैं-

1. **राज्यसभा के पदेन सभापति :** उपराष्ट्रपति राज्यसभा (संसद के उच्च सदन) के पदेन सभापति होते हैं। इस क्षमता में, वे सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं, अनुशासन बनाए रखते हैं, और नियमों का पालन सुनिश्चित करते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **राष्ट्रपति के कर्तव्यों का निर्वहन :** राष्ट्रपति की मृत्यु, त्यागपत्र, पद से हटाए जाने, या अन्य अनुपस्थिति के कारण राष्ट्रपति पद में रिक्ति होने पर उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हैं।

**अथवा**

**मन्त्रिमंडल के कोई दो कार्य स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – मंत्रिमंडल के दो निम्न कार्य हैं -**

1. **नीति निर्माण :** यह देश की आंतरिक और बाह्य नीतियों का निर्धारण करता है और दिशा देता हैं प्रशासन को व उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
2. **विधायी कार्य :** मंत्रिमंडल संसद में विधेयक प्रस्तुत करता है और उन्हें पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे शासन के कार्य सुचारु रूप से चलें। तथा विभिन्न विभागों और मंत्रालयों का प्रबंधन करना।

**प्रश्न 43 - सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार का विश्लेषण :** सर्वोच्च न्यायालय का मूल क्षेत्राधिकार उन मुकदमों पर लागू होता है जो केवल इसमें ही प्रारम्भ होते हैं। इसमें केंद्रीय और राज्य सरकारों के बीच, राज्यों के बीच, तथा मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए मामलों को सीधे सुनने का अधिकार शामिल है। साथ ही, जनहित याचिकाएं भी सीधे सर्वोच्च न्यायालय में दायर की जा सकती हैं। यह न्यायपालिका की सर्वोच्च और तात्कालिक भूमिका को दर्शाता है।

**प्रश्न 44 - सुशासन (अच्छे शासन) की किन्हीं दो बाधाओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – सुशासन के समक्ष दो प्रमुख बाधाएं -**

1. **भ्रष्टाचार :** यह सुशासन की सबसे प्रमुख बाधाओं में से एक है। भ्रष्टाचार के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक नहीं पहुँच पाता, संसाधनों का दुरुपयोग होता है, और जनता का सरकार में विश्वास कम होता है।
2. **जनसंख्या वृद्धि :** भारत में जनसंख्या वृद्धि ने संसाधनों, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार पर दबाव बढ़ाया है। कुछ राज्य स्थिरता पा रहे हैं, जबकि अन्य पीछे हैं। सुशासन के लिए शिक्षा, जागरूकता और विकास आवश्यक हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 45 - पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो कदमों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए दो कदमों का विश्लेषण -**

1. **पर्यावरण अदालतें :** पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली फैक्ट्रियों और उद्योगों के खिलाफ जल्दी न्याय सुनिश्चित करने के लिए विशेष पर्यावरण अदालतों का गठन किया जा रहा है। यह प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण में तेज कार्रवाई को संभव बनाता है।
2. **हानिकारक कीटनाशकों पर प्रतिबंध :** कुछ खतरनाक रासायनिक कीटनाशकों जैसे डीडीटी, बीएचसी, एल्ड्रिन और मेलाथियन को बाजार से हटा दिया गया है। इनके स्थान पर सुरक्षित और जैविक कीटनाशकों का प्रयोग बढ़ाया जा रहा है।

## वैकल्पिक मॉड्यूल - 7A

**प्रश्न 46 - संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की आवश्यकता का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की आवश्यकता का विश्लेषण-** संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की आवश्यकता इसलिए है क्योंकि वर्तमान संरचना वैश्विक वास्तविकताओं के अनुरूप नहीं है। सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों के वीटो शक्ति से छोटे और नए देशों के हित प्रभावित होते हैं। बढ़ते सदस्य देश, बदलता वैश्विक शक्ति संतुलन और चुनौतियाँ जैसे आतंकवाद, जलवायु संकट, प्रभावी निर्णयों के लिए सुधार जरूरी बनाते हैं। पुनर्गठन प्रतिनिधित्व, पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगा।

## वैकल्पिक मॉड्यूल – 7B

**प्रश्न 46 - केन्द्रीय लोक सेवा आयोग की स्वतंत्रता की आवश्यकता का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर –** केन्द्रीय लोक सेवा आयोग (UPSC) की स्वतंत्रता आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सरकारी सेवाओं में भर्ती निष्पक्ष, योग्यता-आधारित और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त हो। अधिकारियों का चयन निष्पक्ष और तटस्थ हो। यदि आयोग राजनीतिक या अन्य दबाव के अधीन होता, तो योग्य उम्मीदवारों का चयन प्रभावित होता और प्रशासन में अनियमितता बढ़ती। स्वतंत्रता आयोग को पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है। इससे नौकरशाही का भरोसा और सरकार की कार्यकुशलता दोनों बने रहते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 47 - लोकसभा और राज्य सभा के बीच किन्हीं तीन अन्तरों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर – लोकसभा और राज्यसभा के बीच अंतर -**

| आधार | लोकसभा (निम्न सदन) | राज्यसभा (उच्च सदन) |
|---|---|---|
| **निर्माण और सदस्यता** | सीधे जनता द्वारा चुनी जाती है सदस्य संख्या संवैधानिक रूप से निर्धारित | राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं द्वारा निर्वाचित संघीय प्रतिनिधित्व वाली संस्था |
| **अवधि और स्थायित्व** | 5 वर्ष की अवधि व समयपूर्व भंग संभव | सतत सदन हर 2 साल में 1/3 सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं |
| **सत्ता और कार्य** | कानून निर्माण और वित्तीय मामलों पर प्रमुख अधिकार जनमत आधारित शक्तिशाली | सलाहकार और संतुलनकारी भूमिका; वित्तीय बिलों पर अधिकार सीमित |

**प्रश्न 48 - मान लीजिये कि आप लोक सभा का चुनाव लड़ रहे हैं। आप अपने चुनाव प्रचार के लिए अपनाये जाने वाले किन्हीं तीन तरीकों को उजागर कीजिए।**

**उत्तर – चुनाव प्रचार में अपनाये जाने वाले तीन तरीके -**

1. **जनसभाएँ :** जनसभाएँ उम्मीदवारों के लिए मतदाताओं से सीधे जुड़ने का एक प्रभावी माध्यम हैं। बड़ी सभाओं के आयोजन से पार्टी अपने एजेंडे, नीतियों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत कर सकती है।
2. **डोर-टू-डोर अभियान :** इसमें पार्टी के प्रतिनिधि घर-घर जाकर मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलते हैं। व्यक्तिगत संपर्क से मतदाता उम्मीदवार और पार्टी से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं।
3. **सोशल मीडिया का उपयोग :** सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम का उपयोग करके दल व्यापक दर्शकों तक अपनी नीतियों और संदेश पहुंचा सकते हैं।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए 'आदर्श आचार संहिता' के महत्व का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर –** आदर्श आचार संहिता राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए निर्धारित मानकों का एक समूह है, जिसे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू किया जाता है। इसके निम्न महत्व हैं-

1. यह सुनिश्चित करता है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सत्ताधारी दल सहित सभी दलों और उम्मीदवारों को समान अवसर मिलें।
2. यह मतदाताओं को धमकाने, प्रलोभन देने, या भयभीत करने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाता है,
3. यह चुनाव प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के व्यवहार को विनियमित करता है, जिसमें बैठकों के आयोजन और प्रचार सामग्री के उपयोग के नियम शामिल हैं।

**प्रश्न 49 - भारत के किन्हीं छः क्षेत्रीय दलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर –** 1. DMK (द्रविड़ मुनेत्रा कज़गम) – तमिलनाडु

2. AITC (ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस) – पश्चिम बंगाल

3. शिवसेना – महाराष्ट्र

4. नेशनल कांग्रेस – जम्मू और कश्मीर

5. आरजेडी (राष्ट्रीय जनता दल) – बिहार

6. अकाली दल – पंजाब

**अथवा**

**भारत में काम कर रहे किन्हीं छः दबाव समूहों के नाम लिखिए।**

**उत्तर –** 1. भारतीय किसान संघ - किसानों के हितों के लिए

2. भारतीय मजदूर संघ (All India Trade Union Congress - AITUC)
3. महिला संगठन/महिला दबाव समूह (All India Women's Conference - AIWC)
4. भारतीय उद्योग परिसंघ (Confederation of Indian Industry - CII)
5. भारतीय वैद्यकीय संघ (Indian Medical Association - IMA)
6. पर्यावरण दबाव समूह (Greenpeace India, Centre for Science and Environment)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 50 - पर्यावरण की किन्हीं तीन समस्याओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – पर्यावरण की तीन प्रमुख समस्याएं -**

1. **जलवायु परिवर्तन :** यह पृथ्वी के औसत तापमान और मौसम के पैटर्न में दीर्घकालिक बदलाव है। इसका मुख्य कारण ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन है,।
2. **जनसंख्या वृद्धि :** बढ़ती जनसंख्या भूमि, जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव डालती है। इससे पारिस्थितिकी असंतुलित होती है
3. **शहरीकरण :** शहरीकरण में लोग शहरों की ओर बढ़ते हैं, जिससे धूल, बीमारी और पर्यावरणीय समस्याएँ बढ़ती हैं। सफाई, जल आपूर्ति, आवास और बिजली की समस्याएँ लगातार बढ़ती रहती हैं। **अथवा**

**अवलम्बनीय विकास की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** अवलम्बनीय विकास (Sustainable development) का अर्थ है कि विकास इस तरह से किया जाए कि वह वर्तमान पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करे, लेकिन साथ ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी संसाधनों को सुरक्षित रखे। इस अवधारणा में आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना शामिल है। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह विकास का सबसे व्यावहारिक और आवश्यक मार्ग है।

पर्यावरण और विकास पर बने विश्व आयोग ने 1987 में "हमारा संयुक्त भविष्य" शीर्षक से अपनी रिपोर्ट दी। इस रिपोर्ट ने अवलम्बनीय विकास की अवधारणा को उजागर व चर्चित किया।

**प्रश्न 51 - श्रीलंका में भारतीय तमिलों की किन्हीं तीन समस्याओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** श्रीलंका में तमिलों के दो वर्ग हैं- सीलोन तमिल व भारतीय तमिल हैं।

**निम्न समस्याएँ भारत-श्रीलंका संबंधों पर भी प्रभाव डालती हैं-**

1. **नागरिकता का अभाव :** 1948 और 1949 में नागरिकता कानूनों के कारण लगभग 10 लाख भारतीय तमिलों को राजनीतिक अधिकारों और सरकारी सुविधाओं से वंचित कर दिया।
2. **आर्थिक असमानता :** अधिकांश भारतीय तमिल मजदूरी करते थे। सीमित संसाधन और सरकारी अवसरों में भेदभाव के कारण उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर रही और जीवन स्तर बहुत निम्न रहा।
3. **सामाजिक असुरक्षा और विस्थापन :** राज्य प्रोत्साहन से सिंहली लोगों को तमिल बहुल क्षेत्रों में बसाया गया, जिससे उनकी सामाजिक स्थिति कमजोर हुई और पहचान व अधिकारों की असुरक्षा बढ़ी।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 52 - भारत की गुट-निरपेक्षता की नीति की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति की तीन मुख्य विशेषताएँ -**

1. **सैन्य गठबंधनों का विरोध :** भारत की यह नीति सभी प्रकार के सैनिक, राजनीतिक, और सुरक्षा-संधियों का विरोध करती है, जैसे - शीत युद्ध के दौरान बने नाटो और वारसा पैक्ट।
2. **स्वतंत्र विदेश नीति :** भारत किसी भी प्रमुख शक्ति गुट का हिस्सा बने बिना अपनी स्वतंत्र विदेश नीति निर्धारित करता है। यह किसी भी गुट के प्रभाव या दबाव से मुक्त रहकर राष्ट्रीय हितों के आधार पर निर्णय लेता है।
3. **विश्व शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना :** इस नीति का एक प्रमुख लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। भारत ने सभी देशों के साथ समान और मित्रवत संबंध बनाए रखने और विश्व में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए यह नीति अपनाई।

**प्रश्न 53 - राज्य और समाज के बीच किन्हीं पाँच अन्तरों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – राज्य और समाज के बीच कोई पाँच अंतर -**

| आधार | राज्य | समाज |
|---|---|---|
| **1. अर्थ** | राज्य एक राजनीतिक और मानव-निर्मित संस्था है, | समाज मानवों का प्राकृतिक समूह है, जो आपसी संबंधों से बना है। |
| **2. उद्देश्य** | शासन, कानून और व्यवस्था स्थापित करना है। | मानव संबंध बनाए रखना और सामूहिक जीवन व्यवस्थित करना है। |
| **3. सत्ता और प्रभुसत्ता** | राज्य संप्रभु होता है और कानून व शक्ति के माध्यम से नियंत्रण करता है। | समाज में संप्रभुता नहीं होती, यह सामाजिक मान्यताओं पर चलता है। |
| **4. भू-भाग और क्षेत्र** | राज्य के लिए निश्चित और स्थायी भू-भाग आवश्यक होता है। | समाज का क्षेत्र व्यापक और अस्थायी हो सकता है। |
| **5. नियम और कानून** | राज्य के नियम लिखित, स्पष्ट और बाध्यकारी होते हैं। | समाज के नियम अलिखित और अनौपचारिक होते हैं। |

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**राज्य तथा अन्य संगठनों के बीच किन्हीं पाँच अन्तरों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – राज्य तथा अन्य संगठनों के बीच पाँच प्रमुख अंतर -**

| आधार | राज्य | अन्य संगठन |
|---|---|---|
| **1. सदस्यता का प्रकार** | राज्य में सदस्यता अनिवार्य होती है। हर व्यक्ति को किसी राज्य का नागरिक होना जरूरी है। | अन्य संगठनों में सदस्यता स्वैच्छिक होती है। व्यक्ति अपनी इच्छा से किसी क्लब, धार्मिक या सामाजिक संगठन में शामिल हो सकता है। |
| **2. एक या अनेक सदस्यता** | एक व्यक्ति एक समय में केवल एक राज्य का नागरिक हो सकता है। | व्यक्ति एक साथ कई संगठनों का सदस्य हो सकता है। |
| **3. भू-भाग और क्षेत्र** | राज्य का क्षेत्र निश्चित और स्थायी होता है। इसकी सीमाओं के भीतर ही शासन और संप्रभुता लागू होती है। | संगठनों का क्षेत्र लचीला और अस्थायी होता है। वे कहीं भी काम कर सकते हैं। |
| **4. उद्देश्य और कार्य** | राज्य का उद्देश्य सामान्य और व्यापक होता है, जैसे कानून-व्यवस्था बनाए रखना। | संगठनों का उद्देश्य विशेष और सीमित होता है, जैसे खेल, शिक्षा या धर्म। |
| **5. संप्रभुता और दंड व्यवस्था** | राज्य संप्रभु होता है और कानून का उल्लंघन करने पर जेल, जुर्माना या कानूनी कार्रवाई कर सकता है। | संगठन संप्रभु नहीं होते है, वे केवल सदस्यता समाप्त कर सकते हैं। |

## वैकल्पिक मॉड्यूल - 7A

**प्रश्न 54 -संयुक्त राष्ट्र के किन्हीं पाँच अंगों के नाम लिखिए तथा ऐसे पाँच देशों के नाम लिखिए जो संयुक्त राष्ट्र के स्थायी सदस्य हैं एवं जिनके पास वीटो शक्ति है।**

**उत्तर – संयुक्त राष्ट्र के पाँच अंगों के नाम : -**

1. **महासभा (General Assembly) :** सभी 193 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करती है।

2. **सुरक्षा परिषद (Security Council) :** अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का प्राथमिक दायित्व है।

3. **आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (Economic and Social Council) :** आर्थिक और सामाजिक विकास पर ध्यान केंद्रित करती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

4. **सचिवालय (Secretariat)** : संयुक्त राष्ट्र के दिन-प्रतिदिन के कार्यों का प्रबंधन करता है।

5. **अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice) :** संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख न्यायिक अंग है।

**संयुक्त राष्ट्र के स्थायी सदस्य हैं एवं जिनके पास वीटो शक्ति है-**

(1) अमेरिका (USA) (2) ब्रिटेन (UK) (3) फ़्रांस (France) (4) रूस (Russia) (5) चीन (China)

## वैकल्पिक मॉड्यूल 7B

**मैक्स वेबर द्वारा आदर्श नौकरशाही के स्वरूप के लिए निर्धारित किन्हीं पाँच लक्षणों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –** मैक्स वेबर ने नौकरशाही को सरकार और बड़े संस्थानों को चलाने के लिए सबसे बुद्धिमान और दक्ष सामाजिक संगठन माना। उन्होंने इसे तटस्थ और व्यवस्थित रूप में वर्णित किया।

**आदर्श नौकरशाही के मुख्य लक्षण :-**

1. **निश्चित अधिकार क्षेत्र :** प्रत्येक अधिकारी का कार्य और अधिकार स्पष्ट रूप से तय होता है। किसी भी अधिकारी को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर निर्णय लेने का अधिकार नहीं होता। इससे कार्य में स्पष्टता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।
2. **अधिक्रमिक व्यवस्था :** कार्यालय पिरामिड जैसी संरचना में व्यवस्थित होते हैं। कनिष्ठ अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारी के नियंत्रण में होते हैं। इससे आदेशों और निर्णयों का अनुक्रम और नियंत्रण बनाए रखा जाता है।
3. **लिखित दस्तावेज और नियम :** सभी कार्य और निर्णय लिखित नियमों और फाइलों के अनुसार होते हैं। हर स्थिति में लागू नियम पहले से तय और स्पष्ट होते हैं। इससे कार्य में स्थिरता और समानता बनी रहती है।
4. **समान नियमों का पालन :** नियम सभी कर्मचारियों पर समान रूप से लागू होते हैं। किसी विशेष व्यक्ति के लिए अलग नियम नहीं बनते। इससे निष्पक्षता और अनुशासन सुनिश्चित होता है।
5. **राजनीतिक तटस्थता :** नौकरशाही राजनीतिक दबाव और व्यक्तिगत इच्छाओं से स्वतंत्र रहती है। निर्णय केवल नियमों और संगठन के हित में लिए जाते हैं। इससे सरकारी कार्य निष्पक्ष और संगठित ढंग से संपन्न होते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success